C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 52 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 9 अगस्त 2024



खराब प्रदर्शन के बीच शैतान 2 से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### रुद्रपुर से किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र से एक और किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने पुलिस से पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक चौकी आदर्श कालोनी फेस-5. प्रीत विहार कालोनी हाल अमरदेव कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ रहता है। उसकी नाबालिग लड़की 6 अगस्त 24 दोपहर 2 बजे बिना बताए कहीं चली गयी है। पुत्री की काफी खोजबीन की, कहीं भी पता नहीं चला। किशोरी के परिजनों ने परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। उन्होंने पुत्री के साथ अनहोनी की भी आशंका जताई है। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। किशोरी की लोकेशन तलाशी जा रही है। बता दें कि रुद्रपुर और ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से नाबालिग लड़की लड़के लापता हो रहे हैं।

### राज्य आंदोलनकारियों के जिला सम्मेलन में उठेंगे तमाम मामले



हल्द्वानी। चिह्नित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति का जिला सम्मेलन 14 अक्टूबर को नगर निगम के सभागार में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी समिति जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए टीम का गठन किया गया है, जो जिले भर के आंदोलनकारियों से संपर्क करेगी। सम्मेलन में राज्य आंदोलनकारियों को राज्य सेनानी का दर्जा दिये जाने, 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, एक समान पेंशन लागू करने, छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्रों के आधार पर चिह्नित करने के साथ ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

## भारत को जानो की लिखित प्रतियोगिता में 11600 विद्यार्थीयों ने लिया प्रतिभाग

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम शाखा के भारतको जानो की लिखित प्रतियोगिता में 11600 विद्यार्थीयो ने भाग लिया। भारत विकास परिषद शाखा कठगोदम की भारतको जानो की लिखित परीक्षा संपन्न हुई जिसमे 46 बिड्यालयो के 11600 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस आशयकी जानकारी कार्यक्रम संयोजिका ममता खुल्बर एव अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी ने दी।

प्रांतीय संगठन सचिव डॉ विनयखुल्बर ने बताया आज ये लिखित परीक्षा संपूर्ण उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रांत में एक साथ प्रात: 10 बजे से 10,30 के बीच में संपन्न हुई एव प्रांत भर में 60 हज़ार से अधिक विद्यार्थीयो ने भाग लिया

सचिव नीलम शर्मा ने बताया क्रॉस पब्लिक स्कूल, इन्सपैरेशन, निर्मला कॉन्वेंट सी सेकण्ड्री स्कूल, बियशिवा स्कूल , खालसा गर्ल्स इण्टरकॉलेज, श्रीगुरुतेगबहादुर सी सैकेण्डरि स्कूल, महर्षि विद्यामंदिर रानीबाग, कारगिल राजकॉय इण्टरकॉलेज दोगड़ा , आदि 46 बिड्यालयो के छात्र छात्राओ ने प्रतियोगिता में भाग लिया!

प्रतियोगिता को संपन्नकाराने में अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव नीलम शर्मा, प्रतियोगिता संयोजक ममताखुल्बर, महिला संयोजिका गरिमा विशाल सिंहल , मंजु केसरवानी, रेणुका गर्ग, रश्मिजैन, अलका माहेश्वरी, अरुणा आलोक सक्सेना, रेणु दीपक बिस्ट, राजेश अग्रवाल, हितेंद्र उप्रेती, सुजाता माहेश्वरी, जीतेन्द्र डिरौलिया, सुरभि, सुशील मित्तल ने कठिन परिश्रम करके कार्यक्रम संपन्न कराया।



बस बहुत हुआ, जया बच्चन पर नाराज हुए सभापति

## आप होंगी सेलिब्रिटी लेकिन गरिमा का ध्यान रखें: धनखड़

नई दिल्ली
एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के दौरान एक बार फिर सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी नेताओं के बीच तनातनी देखी गई। आज उच्च सदन की सदस्य जया बच्चन और उपराष्ट्रपति जया बच्चन आमने-सामने आ गए। जया बच्चन ने कहा कि मैं जया अमिताभ बच्चन यह बोलना चाहती हूं कि मैं कलाकार हूं। बॉडी लैंग्वेज समझती हूं और चेहरे की अभिव्यक्ति समझती हूं। सर! माफ कीजिएगा, आपका लहजा स्वीकार्य नहीं है। भले ही आप आसन पर बैठे हैं, लेकिन हम आपके साथी हैं।

इस पर सभापति धनखड़ ने सख्त लहजे में कहा, जया जी, कृपया अपने स्थान पर बैठिए। आपने अपनी एक प्रतिष्ठा बनाई है। आप जानती हैं कि अभिनेता निर्देशक के अनुसार काम करता है। आपने वह चीजें नहीं देखी हैं, जो मैंने यहां इस आसन पर बैठकर देखी हूं। आप मेरे लहजे के बारे में बात कर रही हैं बस बहुत हुआ। आप होंगे सेलिब्रिटी, लेकिन आपको यहां सदन की गरिमा का ध्यान रखना होगा।



इसके बाद राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने बाद में मीडिया से बातचीत में कहा, वो डांटने वाले कौन होते हैं, मैं यह स्वतंत्रता किसी और को नहीं दे सकती। मेरे साथ अपमानजनक बर्ताव हुआ। वहां लहजा खराब है, कितना हम सहन करें? सत्तापक्ष के लोग कुछ भी बोलते हैं, उस पर हम कुछ कहें तो कहा जाता है कि चैम्बर में आकर बात करें। हम चैम्बर में क्यों जाएं? वहां फ्लोर पर ही बात होनी चाहिए। जया बच्चन ने कहा, वो बुद्धिहीन जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वो कहते हैं कि आप होंगी सेलिब्रिटी, हम परवाह नहीं करते। मत कीजिए परवाह, मैं सेलिब्रिटी नहीं, राज्यसभा सदस्य की हैसियत से यहां हूं।

## देहरादून से भूगर्भ वैज्ञानिकों की टीम पहुंची टिफिन टॉप

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल के टिफिन टॉप डोरथी सीट की पहाडियों में हुए भूस्खलन के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। गुरुवार को देहरादून से भूगर्भ वैज्ञानिकों की टीम नैनीताल पहुंची जिन्होंने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का गहनता से निरीक्षण किया।

मामले में उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया बीते दिनों टिफि न टॉप की पहाड़ी में हुए भूस्खलन की घटना के बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर भू वैज्ञानिकों,वन विभाग तथा सिंचाई विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गुरुवार को देहरादून से नैनीताल पहुंची भूगर्भ वैज्ञानिक डॉ. कामिनी अपनी टीम के साथ टिफि न टॉप के भूस्खलन प्रभावित प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंची जहां उन्होंने क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जिसे जल्द ही वह जिलाधिकारी वंदना सिंह को पेश करेंगी।

बताते चलें कि नैनीताल के ऐतिहासिक टिफिन टॉप पर्यटक स्थल पर बीते कई वर्षों से बड़ी-बड़ी दरारें पड़ने लगी थी साथ ही पर्यटक स्थल भी भूस्खलन की चपेट में आने लगा था जिससे क्षेत्र में बड़ा खतरा मंडरा रहा था।

समय-समय पर हो रही बारिश से क्षेत्र में कई बार क्षेत्र का ऐतिहासिक डोरथी सीट पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। बीते मंगलवार को क्षेत्र में हुए भूस्खलन से ऐतिहासिक डोरथी सीट का अस्तित्व समाप्त हो गया। भूस्खलन के बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर अब क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वे कराया गया है ताकि क्षेत्र में उत्पन्न हो रहे भूस्खलन के खतरे को रोका जा सके।



## कमिश्नर ने सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान को रद्द कर संचालक की याचिका को खारिज कर दिया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

वर्ष 2018 में एसडीएम-पूर्ति निरीक्षक की रिपोर्ट और जिलाधिकारी के आदेश को सही मानते हुए कुमाऊं कमिश्नर ने सस्ता गल्ला की दुकान को रद्द कर दिया है। साथ ही संचालक द्वारा दायर याचिका को भी खारिज कर दिया है। प्रशासन सूत्रों के मुताबिक खेड़ा बस्ती स्थित एक सस्ता गल्ला की सरकारी दुकान में राशन वितरण सहित कई अनियमितताओं की शिकायत के बाद 24 अगस्त 2018 को तत्कालीन एसडीएम और पूर्ति निरीक्षक ने सस्ता गल्ला विक्रेता मुकेश कुमार की दुकान का मौका मुआयना किया। जांच में कई खामियां व शिकायत सही होने की पुष्टि हुई। जिस पर अपनी रिपोर्ट बनाते हुए दोनों ही अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष रखी। डीएम ने भी रिपोर्ट के आधार पर सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान को रद्द करने की संस्तुति की थी। दोनों अधिकारियों की रिपोर्ट में 11 अगस्त को एक ही दिन में 630 राशन कार्ड धारकों को 107.20 क्विंटल खाद्यान्न का वितरण किया जाना दर्शाया गया था, जबकि राज्य खाद्य योजना में 22 क्विंटल चावल का भी उठान किया था। एक ही दिन में राशन का वितरण संदेहास्पद था। डीएम की संस्तुति के बाद गल्ला विक्रेता ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के यहां अपील की एआरओ विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि कमिश्नर कुमाऊं की ओर से जारी आदेश की कॉपी व पत्रावली रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से डीएसओ कार्यालय भेज दी गयी है। इधर डीएसओ विपिन कुमार से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि अभी कमिश्नर के आदेश की प्रति नहीं है।

## रेलवे क्रासिंग के पास बन रहे ओवर ब्रिज में ग्रामीणों ने मानकों की अनदेखी का आरोप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

तीनपानी बाईपास में रेलवे क्रासिंग के पास बन रहे ओवर ब्रिज में ग्रामीणों ने मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। इसे लेकर वह निर्माणाधीन बाईपास में बीते 6 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं। कहा कि जनता की मांगों की प्रशासन अनदेखी कर रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि इन दिनों तीनपानी बाईपास का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे वाहन तीनपानी से होकर सीधे काठगोदाम निकलेंगे। इस बाईपास में तीनपानी के पास ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस ओवर ब्रिज को नियम-कानून ताक में रखकर बनाया जा रहा है। जो स्थानीय जनता के लिए मुसीबत का सबब बनेगा। ग्रामीणों की शिकायत के बाद बीते दिनों मौका मुआयना भी किया था। उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। लेकिन ग्रामीण ओवर ब्रिज की ऊंचाई कम करने की मांग पर अड़े हुए हैं। इसे लेकर बीते 6 दिनों से धरना दे रहे ग्रामीणों का कहना है कि ओवर ब्रिज की ऊंचाई अधिक रखी गई है। इससे जलभराव की समस्या उत्पन्न होने लगी है। ओवर ब्रिज से आने वाला पानी सीधे खेतों और आस-पास की कॉलोनियों में भर रहा है।



धरने में बैठे बलवीर रावत ने कहा कि जब तक नेशनल हाईवे क्षेत्रीय जनता की मांगों को नहीं मानेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं धरने में बैठे व्यापारी चन्द्र बल्लभ खोलिया का कहना था कि नेशनल हाईवे द्वारा रोड बहुत उंची की जा रही है। जिससे दुकानों व आबादी में बरसात का पानी भर रहा है। धरने में बालदत्त खोलिया, महेश नौगांई, दयाकिशन सूंठा, कमलापति भट्ट, जगदीश सती, नारायण सिंह, हरीश कांडपाल, देवकी, नीमा, प्रीति, तुलसी, चन्द्रा, हेमा, लीला, कमलेश, शांति, सुषमा, राधा, जानकी, गीता, पुष्पा, हेमंती, शांति देवी समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

# ग्राफिक एरा में सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में गुरुवार से बी0टेक प्रथम वर्ष के छात्रों का शैक्षणिक सत्र 2024 के लिए नया बैच प्रारम्भ हो गया है। नये सत्र की शुरुआत सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम के से हुआ।

इन्डक्शन प्रोग्राम में बी0टेक प्रथम वर्ष के विभागाध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह विष्टए डॉ0 मेहुल मानु डॉ0 पुष्पा नेगीए डॉ0 अमित मित्तलए डॉ0 किरन जोशीए डॉ दीपेन्द्र सिंह रावत द्वारा नव.आगन्तुक विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ परिसर के निदेशक प्रो0 कर्नल अनिल कुमार नायर सेनि0 द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सभी नवआगन्तुक विद्यार्थियों को शुभकानाएं दी गई। अपने सम्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को उन्हें उनके सर्वोत्तम करियर विकल्प के लिए विश्वविद्यालय के विजन एवं मिशन से परिवित कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत् अध्ययनरत रहने के लाभ के बारे में अवगत कराया गया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अभी से अपनी पढ़ाई गम्भीरता पूर्वक करनी चाहिए साथ में एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए सतत् प्रयास करने चाहिए जो विद्यार्थी इस भावना से अपनी पढ़ाई शुरू करेंगे वे निश्चित रूप से अपने लक्ष्य में सफल होंगे। इन्डक्सन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ0 कमल घनशाला द्वारा संदेश के माध्यम से आगंतुक छात्र.छात्राओं को शुभकामना प्रेषित करते हुये कहा है कि छात्रों को अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपना ध्यान पढ़ाई में केन्द्रित करना चाहिए ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूरी बनाकर लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना आवश्यक है। छात्र.छात्राओं को अपने माता.पिता के कठिन परिश्रम का सम्मान करते हुये अधिक से अधिक मेहनत करनी चाहिए ताकि उनके माता.पिता के सपने साकार हो सकें। उन्होंने छात्रों को आजीवन सीखते रहने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही छात्र.छात्राओं को भविष्य संवारने और जिन्दगी की दौड में आगे निकलने के गुर बताए। इस अवसर पर परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 आर0एस0 रावत द्वारा भी नये विद्यार्थियों को सम्बोधित किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ.साथ कृषि और अन्य शिक्षा के बारे में प्रकाश डाला उन्होंने ग्राफिक एरा भीमताल परिसर को अपने करियर विकल्प के रूप में चुनने के संबंध में भी अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम में पी0डी0पी0 के प्राध्यापक ललित सिंह द्वारा विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के प्लेसमेन्ट से सम्बन्धित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल संचालन द्वारा किया गया।

इन्डक्सन कार्यक्रम में बी0टेक के विभागाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह विष्ट, डॉ0 नवनीत जोशी, डॉ0 मेहुल मानु, डॉ0 एम0एम0 सती, डॉ0 पुष्पा नेगी, डॉ0 अमित मित्तल, डॉ0 किरन जोशी, डॉ दीपेन्द्र सिंह रावत, डॉ0 संदीप कुमार बुधानी, डॉ0 संदीप कुमार सुनोरी एवं पी0डी0पी डॉ0 कविता अजय जोशी, ललित सिंह, डॉ0 श्वेता अरोरा तथा गोविन्द जेठी आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण



**हल्द्वानी।** युवा कांग्रेस की स्थापना दिवस के अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगवाई में काली चौड मंदिर गेट के आसपास पौधारोपण किया गया आवाला अमरूद पपीता जैसे तमाम पौधे लगाए गए साहू ने कहा आज भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हम संगठन के 64 वर्षों के गौरवशाली इतिहास और सेवा कार्यों को याद करते हैं। हमारे यह प्रयास प्रत्येक भारतवासी और विशेषकर युवाओं के हक़ में अनवरत जारी रहेंगे, जिन पर टिकी है बेहतर भारत की बुनियाद।

इस इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रीति आर्या अनीता देबी काजल आर्या लालू राम मीरा आर्य समेत तमाम लोग थे।



## पीपीजेएस दुर्गापुर ने जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

डीएसए मैदान नैनीताल में सीआरएसटीसी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा आयोजित एवं द नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित 76वीं एच. एन. पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन फुटबाल टूर्नामेंट का नॉक आउट मुकाबला गुरुवार को पीपीजेएस सरस्वती विहार दुर्गापुर तथा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के मध्य खेला गया।

प्रतियोगिता में मध्यांतर तक दोनो टीमें बिना गोल किए हुए बराबरी पर थी वहीं खेल समाप्ति तक भी यही स्कोर रहा। उसके बाद फैसले के लिए पेनाल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया जिसमें 4-3 से पीपीजेएस दुर्गापुर ने मैच में जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक प्रेम सिंह बिष्ट, सुनील पटवाल तथा आदित्य टम्टा रहे। इस दौरान सीआरएसटीसी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी, महासचिव डा. मनोज सिंह बिष्ट, संरक्षक रिटायर्ड कैप्टन एल.एम.साह समेत जगदीश चंद्र लोहनी,प्रो. ललित तिवारी,मोहित लाल साह, शैलेंद्र बर्गली, भूपाल सिंह नयाल, रितेश साह, गोपाल सिंह बिष्ट, धर्मेंद्र शर्मा, विनोद साह, आनन्द सिंह बिष्ट तथा पूरन सिंह नेगी समेत खेल प्रेमी मौजूद थे। प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार (आज)नॉक आउट मुकाबला बीएसएसवी की बी टीम बनाम सीआरसीटी इंटर कॉलेज के मध्य खेला जाएगा।

## भीमताल भटेलिया चौक का होगा कुमाऊंनी शैली में सौन्दर्यीकरण: विधायक कैड़ा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पलायन के चलते पहाड़ों में पहाड़ी बाखली विलुप्त होने के कगार आ चुकी है। पर्यटन को बढ़ावा देने लिये पुरानी शैली में बने घर यानि पहाड़ी बाखली मॉडल भटेलिया चौक पर बनेगा । भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने भटेलिया में ग्रामीणों की समस्याएंओ को सुना । इस मौके पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष भटेलिया कृष्णा सिंह बिष्ट ने भटेलिया मार्केट सौन्दर्यकरण, भटेलिया चौक पर कुमाऊंनी पहाड़ी बाखली मॉडल की मांग की । भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा धारी क्षेत्र के भटेलिया मार्केट की समस्याएंओ के निस्तारण किया जायेगा । भटेलिया तिराहा चौक पर पहाड़ी बाखली मॉडल बनाया जायेगा । मुक्तेश्वर व आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भटेलिया चौक का जीर्णोधार कर इसे पहाड़ी मॉडल बनाने का आश्वासन विधायक ने ग्रामीणों को दिया । इस मौके पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष कृष्णा सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, नारायण सिंह बिष्ट, कमलेश बिष्ट जिला पंचायत सदस्य, हरेन्द्र नयाल, हरीश नयाल आदि मौजूद रहे ।



## NEWS / फटाफट

### रुक-रुक कर हो रहे भूस्खलन से लोग असुरक्षित

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते कुछ वर्षों से जिस तरह से जगह-जगह पर भूस्खलन की घटनाएं तेजी से बढ़ती जा रही है वह नैनीताल के भविष्य के लिए किसी भी रुप में शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है। बता दें कि ठंडी सड़ में जो कि काफी सुरक्षित क्षेत्रों में गिना जाता था वहां पर भी भूस्खलन हो चुका है। इसके अलावा बलियानाला से लगी पहाड़ियों में बीते कई वर्षो से रुक-रुक कर भूस्खलन होता आ रहा है। अगर समय रहते प्रशासन के साथ ही जनता की ओर से भी इस गंभीर मुद्दे पर आवाज नहीं उठायी गयी तो इसके भविष्य में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### रोडवेज कर्मियों का 17 अगस्त को धरना

**हल्द्वानी।** राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ उत्तराखंड के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आरएम संचालन को पत्र सौंपकर आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है। परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल की ओर से सौंपे गये पत्र में कहा गया है कि परिषद की कुमाऊं क्षेत्र की शाखाओं ने रोडवेज के संविदा, विशेष श्रेणी एवं तकनीकी कार्मिकों के नियमितीकरण समेत विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे हैं। इस क्रम में 17 अगस्त को कुमाऊं भर में परिषद से जुड़े कर्मचारी धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान न हुआ तो तीन सितंबर को शहीद स्थल देहरादून से विशाल रैली सचिवालय तक निकाली जाएगी। पांच सितंबर को महारैली के दौरान कार्य बहिष्कार व हड़ताल का ऐलान किया जाएगा।

### बरेली रोड हाइवे से हो रही परेशानी कुमाऊं कमिश्नर को बताई

**हल्द्वानी।** बरेली रोड मंडी से तीनपानी तक की सड़क की दशा सुधारने की मांग को लेकर पार्षद कुमाऊं कमिश्नर से मिले। वार्ड-58 तल्ली हल्द्वानी के निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी मंडलायुक्त दीपक रावत से मिले और ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि बरेली रोड हाइवे की सालों से कोई सुध नहीं ले रहा है। इन दिनों वन विभाग ने जगह-जगह पेड़ों का कटान कर जड़ आदि अवशेष वहीं छोड़ दिये हैं। सड़क में एक तरफ डामरीकरण होने से हादसे का खतरा बना हुआ है, जो हिस्सा छूट गया है, वहां छोटे वाहन पलट रहे हैं। पार्षद मनोज ने आग्रह किया कि जब तक सड़क पूरी नहीं बन जाती तब तक पेचवर्क कराया जाए ताकि लोगों को आवाजाही में सहूलियत हो। इस पर कुमाऊं कमिश्नर ने जल्द समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान बद्रीपुरा वार्ड के निवर्तमान पार्षद रवि जोशी भी मौजूद थे।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का नियमितिकरण को धरना जारी

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के आवाहन पर गुरुवार को 37वें दिन भी नियमितिकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर देहरादून स्थित एकता विहार में धरना जारी रहा।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि गुरुवार को निगम मुख्यालय नैनीताल में धरना प्रारंभ किया गया। धरने से पूर्व निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी एवं महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ल को पौधे के साथ ज्ञापन भी सौपा गया तथा वार्ता की गई।

प्रबंध निदेशक डॉ संदीप तिवारी ने कहा कि शासन से जैसे ही नियमितीकरण के संबंध में शासनादेश जारी होगा कार्वाई प्रारंभ की जाएगी। महाप्रबंधक ने भी निगम स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए कार्वाई करने का आश्वासन दिया। गुरुरानी ने कहा कि निगम मुख्यालय नैनीताल में निगम कर्मचारियों ने वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया।



कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला, पीतांबर दुमका, गौतम कुमार, पवन चौधरी, दीपक पांडे, नरेन्द्र थापा जुटे रहे वहीं गढ़वाल मंडल में महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित, संजय भट्ट, जोगिंदर लाल, अनिल जोशयाल, प्रेम सिंह रावत, जयपाल विष्ट, सुमेर सिंह रावत, श्याम लाल सेंजवाल के नेतृत्व में पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया व विभिन्न माध्यमों से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

## इग्नू आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2030 तक राष्ट्र को आपदाओं के प्रति सुरक्षित और लचीला बनाने के वायदे को पूरा करने के क्रम में इग्नू जुलाई 2024 सत्र से आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम शुरु कर दिया है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आधार पर विकसित है।

यह जानकारी कुविवि के डीएसबी परिसर के इग्नू के मुख्य समन्वयक प्रो.ललित तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य जो कि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, यह कार्यक्रम इस क्षेत्र से जुड़े हुए तथा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले छात्रों के लिए अत्यधिक उपयुक्त साबित होगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम एक बहु-विषयक दृष्टिकोण पर आधारित कार्यक्रम है, जिसे प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं से बढ़ते खतरों को दूर करने के लिए डिजाइन किया गया है जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों की कैरियर संभावनाओं को बढ़ाते हुए भारत देश को सुरक्षित और अधिक लचीला बनाना है। प्रो.तिवारी के मुताबिक जिन छात्रों ने अभी तक जुलाई 2024 सत्र के लिए पुनः पंजीकरण नहीं किया है वे भी लिंक एचटीटीपीएस /ओएनएल आईएनईआरआर डाट आईजीएनओयू डाट एसी डाट इन/से दिनांक 14 अगस्त 2024 तक पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## निरीक्षण का नतीजा

*आर्थिक रूप से कमजोर और कम पढ़ा-लिखा व्यक्ति किसी तरह अपना काम कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाता रहता है। अंत में लेनदेन के माध्यम से काम कराकर संतोष कर लेता है। राज्य के सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। दो-चार माह में एक व्यक्ति को रंगेहाथ पकड़े जाने से भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग सकता है। नौकरशाही हावी है। मंत्री और जनप्रतिनिधि बयानबाजी करके जिम्मेदारी से बचते रहते हैं। नौकरशाही के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाते हैं। तकनीकी युग में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर जांच के आदेश देकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग भ्रष्टाचार को स्वीकार करके तालमेल बैठा चुका है।*

उत्तराखंड के लोगों ने केन्द्र में भाजपा की सरकार के बाद राज्य में भी भाजपा को सत्ता सौंपी। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने लोगों से अपील की थी कि केन्द्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने से योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत कराने में आसानी होगी। केन्द्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को डबल इंजन की सरकार कहा गया। इसके बाद निकाय चुनाव में कई नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में भाजपा को विजय मिली तथा ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वायदा किया। उसी तर्ज पर राज्य सरकार जीरो टालरेंस के तहत सभी विभागों में बिना रिश्वत के कार्य का दावा करती है। सच यह है कि भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रशासनिक अधिकारी शिकायत मिलने पर सक्रियता दिखाते हुए निरीक्षण करते हैं, परन्तु सारी कवायद 'ढाक के तीन पात' साबित होती है। विकास प्राधिकरण में छापा मारा और शिकायत सही पाई गई। आरोपी का तबादला करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई। इसके बाद स्वचालित वाहन फिटनेस टेस्टिंग सेंटर में ट्रांसपोर्टरों ने भ्रष्टाचार का विरोध किया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता मिली, परन्तु कार्रवाई नहीं हुई। वाहन स्वामियों ने शिकायत की कि फिटनेस सेंटर में दलालों का बोलबाला है। सेंटर के निकट ही फिलिंग स्टेशन पर फोटो स्टेट मशीन लगाई गई है। दस रुपये प्रति कॉपी चार्ज किया जाता है। दलालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी देकर छापामार कार्रवाई खत्म हो गई। यह सिर्फ एक जिले अथवा शहर के सरकारी कार्यालयों का मामला नहीं है। रिश्वत लेते हुए कई अधिकारी व कर्मचारी रंगेहाथ पकड़े जा चुके हैं। रिश्वत लेते हुए पकड़वाने की हिम्मत हर व्यक्ति नहीं कर पाता है। आर्थिक रूप से कमजोर और कम पढ़ा-लिखा व्यक्ति किसी तरह अपना काम कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाता रहता है। अंत में लेनदेन के माध्यम से काम कराकर संतोष कर लेता है। राज्य के सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। दो-चार माह में एक व्यक्ति को रंगेहाथ पकड़े जाने से भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग सकता है। नौकरशाही हावी है। मंत्री और जनप्रतिनिधि बयानबाजी करके जिम्मेदारी से बचते रहते हैं। नौकरशाही के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाते हैं। तकनीकी युग में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर जांच के आदेश देकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग भ्रष्टाचार को स्वीकार करके तालमेल बैठा चुका है। मध्यम वर्ग भ्रष्टाचार से त्रस्त है।

# चोरी के 16 दोपहिया वाहन समेत एक गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जनपद के थाना गदरपुर पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की 16 बाइकें बरामद की। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बरामद बाइकें क्षेत्र से चोरी करने की बात कबूल की।

एसएसपी ने पुलिस टीम को दो हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने थाना गदरपुर में खुलासा करते हुए बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बाईक चोरी हो रही। 6 अगस्त 24 को हर्षपाल सिह पुत्र दर्शन सिह निवासी ग्राम कैलाशपुर, थाना गदरपुर की बाईक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि बाईक चोरी की घटनाओं को रोकथाम को पुलिस कार्रवाई कर रही।

उन्होंने बताया कि एसपी काशीपुर अभय सिंह के निर्देशन और सीओ बाजपुर अन्नराम के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस वाहन चोर गिरोह की तलाश कर रही। एसएसपी ने बताया कि



पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगाला। सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे लगडाभोज दिनेशपुर मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक उर्फ साबी पुत्र दर्शन सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा कुण्डेश्वरी थाना काशीपुर हॉल निवासी कुलवंत नगर थाना गदरपुर बताया। उसके पास से बरामद बाईक चोरी की निकली। जो राजपुरा कॉलोनी गदरपुर से 24 जुलाई 24 को चुराई थी। एसएसपी ने बताया कि उसकी निशानदेही पर चीनी मील के जंगल में झाडियों व पेड की आड में चोरी की गयी 14 अन्य् बाईकें और एक स्कूटी बरामद की।

उन्होंने बताया कि बरामद बाईकें क्षेत्र से विभिन्न स्थानों से ही चुराई गई थी। वह पहले भी बाईकें चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। इसके खिलाफ कई अन्य भी मुकदमें दर्ज है। एसएसपी ने बताया कि इसके गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसपी काशीपुर अभय सिंह समेत अन्य पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई मुकेश मिश्रा, एएसआई चंदप्रकाश, गोरखनाथ, जय प्रकाश, सूरज अधिकारी आदि शामिल रहे। एसएसपी ने पुलिस टीम को दो हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की।

**कार्रवाई**

- आरोपी पहले भी जा चुका है वाहन चोरी के मामले में जेल
- एसएसपी ने की पुलिस टीम को 2 हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा

### एसआई मुकेश मिश्रा मैन ऑफ दा मंथ घोषित

एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने बाईक चोरी का खुलासे की टीम में शामिल एसआई मुकेश मिश्रा को मैन ऑफ दा मंथ घोषित किया है। एसआई ने खुलासे में अहम भूमिका निभाई।

# हेल्थ एम्बेसडर के रूप में हर विद्यालय से एक शिक्षक व एक शिक्षिका को प्रशिक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारत सरकार के आयुष्मान भारत के महात्वाकांक्षी प्रयास के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों तक पहुंच बनाने के विशेष मकसद से प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक एवं एक शिक्षिका को हेल्थ एम्बेसडर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

बता दें कि हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर हेतु विकास खंडवार चलाए जा रहे प्रशिक्षण के क्रम में हल्द्वानी विकासखंड हेतु बीआरसी धौलाखेड़ा में 5 से 8 अगस्त तक उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के चार चरणों में चले प्रशिक्षण में 161 शिक्षकों को मोबाइल ऐप सहित विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम के ग्यारह माडयूल की जानकारी दी गई। शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए हल्द्वानी के खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने कहा कि बदलते समय के अनुसार शिक्षकों एवं डॉक्टर को अपने को लगातार अपडेट रहने के लिए प्रशिक्षण बहुत जरूरी हैं। साथ ही तकनीकि युग में शिक्षकों को भी हाई टेक बनना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम हल्द्वानी के मेडिकल ऑफि सर डॉ. संजय चौहान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल से कार्यक्रम प्रभारी हरीश बिष्ट एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रबंधक एवं स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य सन्दर्भदाता हेम सिंह जलाल के तकनीकी मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर डॉ. हिमांशु पांडे, मोहन चंद्र जोशी, दीपा बिष्ट एवं हरेंद्र कठायत सहित आयोजन को सफ ल बनाने में कमलेश रावत, गिरिजा पंत द्वारा योगदान दिया गया।

हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर डॉ. हिमांशु पांडे ने बताया कि विद्यालयों में स्वास्थ्य जागरुकता हेतु प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को एनसीईआरटी द्वारा तैयार ग्यारह माडयूल के सहयोग से जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। समापन समारोह में कार्यक्रम प्रबंधक हेम सिंह जलाल ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक के मोबाइल में डाले गए। कार्यक्रम का संचालन हेल्थ एम्बेसडर डॉ. हिमांशु पांडे ने किया।

## NEWS / फटाफट

### प्रांत स्तरीय खेलकूद में प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के खिलाड़ियों दबदबा



**नैनीताल।** पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड के विद्यालयों की बैडमिंटन, वॉलीबॉल तथा शतरंत खेलों की प्रांत स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन यानी गुरुवार को भी प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के खिलाडियों दबदबा रहा। कालेज के मीडिया प्रभारी माधव प्रसाद सनातनी के मुताबिक बैडमिंटन (बालक वर्ग) में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में प्रेमा जगाती सरस्वती विहार की टीमों ने गोल्ड मैडल पर कब्जा किया जबकि वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रेमा जगाती सरस्वती विहार की अंडर-14, अंडर-17 वर्ग की टीमें फ इनल में पहुंच गई हैं जिनका मुकाबला क्रमशः अंडर-14 में शंतिपुरी से और अंडर-17 में तुलाराम राजाराम विद्या मंदिर काशीपुर से होगा जबकि अंडर-19 वॉलीबॉल में एसवीएम देहरादून का मुकाबला एसवीएम बागेश्वर से होगा। अंडर-19 बालिका वर्ग में एसवीएम देहरादून ने तुलाराम राजाराम विद्या मंदिर काशीपुर को हरा कर गोल्ड मैडल हासिल किया। शतरंज (बालक और बालिका वर्ग) और बैडमिंटन (बालिका वर्ग) की प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले समाचार लिखे जाने तक जारी हैं।

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति कल

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल शनिवार को नगर निगम के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यसमिति की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यसमिति में व्यापारियों व उपभोक्ताओं की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में व्यापार मंडल प्रदेश भर से करीब 300 पदाधिकारियों व व्यापारियों के पहुंचने की संभावना है। इसके मद्देनजर तैयारियां की जा रही है। इस बीच व्यापार मंडल के कुमाऊं प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक को लेकर व्यापारियों में उत्साह है। उन्होंने बताया कि कार्यसमिति में व्यापारियों से जुड़े ज्लवंत मुद्दों को जोरशार से उठाया जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## खराब प्रदर्शन के बीच शैतान 2 से धमाल मचाने को तैयार अजय देवगन



*अजय देवगन की हालिया रिलीज दो फिल्में मैदान और औरों में कहां दम था बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इसी बीच उनके प्रशंसकों के लिए एक खुशखबरी सामने आई है। अजय देवगन और आर माधवन अभिनीत शैतान उन कुछ बॉलीवुड फिल्मों में से एक थी, जिसने साल की पहली छमाही में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। काले जादू पर बनी इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल ने किया था। यह गुजराती फिल्म वश की आधिकारिक रीमेक थी। वहीं, फिल्म रिलीज के बाद से ही इसके सीक्वल की अटकलें तेज हो गई थीं। अब इन अटकलों पर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शैतान के सीक्वल शैतान 2 की तैयारी पहले से ही चल रही है। फिलहाल इसकी स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है। यह जानकारी अजय देवगन की दो बैक-टू-बैक रिलीज फिल्मों मैदान और औरों में कहां दम था के खराब प्रदर्शन के बीच आया है। खबरों के अनुसार, स्क्रिप्ट का चयन होते ही फिल्म की घोषणा कर दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शैतान 2 के लेखन पर काम शुरू हो गया है। एक बार स्क्रिप्ट लॉक हो जाने के बाद, अजय देवगन के साथ निर्माता तय करेंगे कि फिल्म कब फ्लोर पर आनी चाहिए। पहला भाग साल की बड़ी हिट फिल्मों में से एक था और इसे काफी सराहना मिली थी। इसलिए, वे स्पष्ट हैं कि स्क्रिप्ट को सही करने में उन्हें अपना समय लगेगा। तभी वे आगे बढ़ेंगे।*

### शैतान 2 पर विकास बहल का बयान

*पिछले कुछ समय से शैतान 2 को लेकर खबरें आती रही हैं। कुछ लोगों ने यह भी तर्क दिया कि फिल्म के पहले भाग का अंत इसे अलौकिक थ्रिलर की एक और किस्त के लिए तैयार करता है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर इसे संबोधित करते हुए, निर्देशक विकास बहल ने कहा था, फिल्म 40 दिन में शूट हुई है। पार्ट 2 भी हमारे दिमाग में तैयार है।*


## पीपलपानी



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े भाई पूरन सिंह अधिकारी का निधन 30.07-2024 बुधवार को हो गया है। जिनका पीपलपानी दिनांक 10.08.2024 को शनिवार को अपराह्न एक बजे से ग्राम नकुला मजखाली रानीखेत अल्मोड़ा में होगा। कृपया ब्रह्मभोज में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने की कृपा करें। **नोट-कृपया इस सूचना को व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करने का कष्ट करें।**

**शोकाकुल परिवारः- विक्रम अधिकारी, भाजपा मंडल महामंत्री एवं समस्त अधिकारी परिवार**

## News कॉर्नर

### सीआरएसटी इंटर कालेज में भगवत अज्जुकम का मंचन

**नैनीताल।** सिने एवं रंगमंच अभिनेता स्वर्गीय निर्मल पांडे के जन्मोत्सव के अवसर पर सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में बोधायन की रचना भगवत अज्जुकम का मंचन होगा। प्रयोगांक नैनीताल के निर्देशक मदन सिंह मेहरा ने बताया कि 10 अगस्त (शनिवार) को स्वर्गीय निर्मल पांडे के जन्मोत्सव पर हर वर्ष की भांति इस बार भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बोधायन की रचना भगवत अज्जुकम का नाट्य मंचन किया जाएगा। यह एक हास्य नाटक है जिसके गीत हेमंत बिष्ट ने लिखे हैं और नवीन बेगाना ने इसमें संगीत दिया है।

# जल जीवन मिशन की योजनाओं की समीक्षा हेतु जन सुनवाई कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता




जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन भीमताल में ब्लॉक ओखलकांडा तथा बेतालघाट के ग्राम प्रधानों, ब्लॉक प्रमुख तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ उनके क्षेत्र में चल रही जल जीवन मिशन की योजनाओं की समीक्षा हेतु जन सुनवाई आयोजित की गई। जन सुनवाई के दौरान जल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों के द्वारा जेजेएम तहत हर घर जल पंपिंग योजना आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और साथ ही ग्राम स्तर पर योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा कर समाधान के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने इसके लिए अधिशासी अभियंता को फील्ड अधिकारियों का प्रत्येक योजना के स्थल निरीक्षण हेतु रोस्टर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिशासी अभियंता और अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा ग्राम भ्रमण कर योजना में आ रही समस्याओं पर ग्रामीणों के सुझाव के अनुरूप कार्य करें। इस दौरान जल संस्थान और निगम के अधिकारियों ने बताया कि ओखलकांडा और बेतालघाट में जेजेएम के तहत करीब 147 अधिक योजनाओं में कार्य किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन इलाकों में कार्य चल रहा हैं उनमें थर्ड पार्टी निरीक्षण के समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं का फीड बैक अनिवार्य रूप से लिया जाए जिससे धरातल की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्राप्त हो सके ।

बैठक में ग्राम प्रधान तथा प्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से खुली पाइप लाइन तथा देवीय आपदा से लाइन टूटने आदि की समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जबकि अन्य समस्याओं के हल के लिए अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि मानसून अवधि में लंबित कार्यों के टेंडर या अन्य कागजी कार्यवाही पूरी करें। मौना गाँव के प्रधान ने बताया कि देवीय आपदा से कई पाइप लाइन टूट गई है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को 10 दिन के भीतर सर्वे कर पाइप लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि मटिला गांव और विद्यालयों में पानी कनेक्शन नहीं है। इस कारण लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एई से स्पष्टीकरण मांगा और गांव में स्वयं निरीक्षण कर समाधान करवाने के निर्देश दिए। डीएम ने जिन योजनाओं की भौतिक रिपोर्ट 50 प्रतिशत से कम हैं उनमें ठेकेदार को अंतिम नोटिस देकर कार्य आरंभ न होने पर बॉन्ड निरस्त करने के निर्देश दिए।

# डीएम ने किया जलभराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने गत दिवस हुए अतिवृष्टि के कारण जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनपनी डैम से जनपथ चौराहा, आनन्द विहार, दक्ष चौराहा किच्छा रोड पर मेडिसिटी के निकट तीनपनी होते हुए अटरिया पुल पहुँच कर कल्याणी नदी का सम्बन्धित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने तीनपनी डैम एवं जनपथ चौराहा के पास जल निकासी के लिए अवरोध हटाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए।सड़क के दूसरे ओर से जल निकासी हेतु सफाई एवं खुदाई कार्य के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई है। जिसे जल भराव के पानी को नहर में प्रवाहित करने का कार्य किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि तीनपनी डैम व फुलसुंगा क्षेत्र के सभी नहर व नालों की सफाई की गई थी इसीलिए इस बार कम जलभराव हुआ और जल निकासी भी शीघ्रता से हो रही है।

दक्ष चौराहा के निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने ईई सिंचाई को निर्देश देते हुए कहा कि नहर बहुत पुरानी है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ वनरसिया नदी का दोनों तरफ से निरीक्षण करते हुए कल से आवश्यकता के अनुसार एवं अतिक्रमण को चिन्हित करने के निर्देश सचिव जिला विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त, एसडीएम व ईई सिंचाई को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शहर को जलभराव से बचाना है तो नदी-नालों के फैलाव को अवरुद्ध होने से बचाना होगा। उन्होंने नदी-नालों के बहाव को अवरुद्ध करने वाले अतिक्रमण की जाँच कर चिन्हित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने पहाड़गंज के ट्रेंचिंग ग्राउंड व वेडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी डॉ मंजुनाथ टीसी, एडीएम पंकज उपाध्याय,एमएनए नरेश चन्द्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी,ईई सिंचाई पीसी पाण्डे, डीडीएमओ उमा शंकर नेगी आदि मौजूद थे।

**निरीक्षण**

- **संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश, जल निकासी में अवरोध बने अतिक्रमण हटाया गया**

# खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने हेतु महत्पूर्ण निर्णय लिए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में गुरुवार को डीएसडब्ल्यू बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत की अध्यक्षता में हुई जिसमें परिसर में सत्र 2024- 25 हेतु खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने हेतु महत्पूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में तय हुआ कि परिसर के वार्षिक खेलकूद अक्टूबर में होंगे तथा इस वर्ष खेल दिवस भी विशेष रुप से मनाया जायेगा। बैठक में डीएसबी परिसर के आल इंडिया यूनिवर्सिटीज में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एंटी ड्रग,एंटी रैगिंग तथा हास्टल प्रवेश तथा तिरंगा यात्रा रैली जैसे अहम कार्यक्रमों की सफलता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में प्रो. आरसी जोशी,प्रो. ललित तिवारी, प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. आशीष तिवारी, प्रो. रमेश चंद्र, प्रो. गीता तिवारी,डॉ.विजय कुमार, डॉ. रीना सिंह, डॉ. हरिप्रिया पाठक, डॉ.रीना सिंह, डॉ. हिमांशु लोहनी, डॉ. शिवांगी,डॉ. गगन होती तथा डॉ. अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन डॉ. संतोष कुमार ने किया। अंत में डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत ने सभी का आभार जताया।



# बांग्लादेश में फंसे हिन्दुओं की वापसी को पूर्व विधायक शुक्ला ने सीएम धामी को सौंपा भावुक पत्र



देहरादून/रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आवास पर पहुंचे और उन्होंने सीएम से महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान शुक्ला ने बांग्लादेश में फंसे हिन्दुओं के साथ हो रहे अमानवीय अत्याचारों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक भावुक पत्र सौंपा। जिसमें हिन्दू भाइयों और बहनों की दुर्दशा का वर्णन किया गया है और उन्हें भारत वापस लाने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की गई है। शुक्ला ने कहा, हमारे हिन्दू भाई-बहन जिस दर्द और पीड़ा से गुजर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां करना कठिन है। हर संभव प्रयास करना चाहिए कि वे सुरक्षित रूप से अपने वतन लौट सके। इसके साथ ही शुक्ला ने केदारनाथ पैदल मार्ग में फंसे श्रद्धालुओं के सफल रेस्क्यू के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कियह सरकार की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचायक है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित वापस आ सके। शुक्ला और मुख्यमंत्री धामी ने क्षेत्र के विभिन्न जनहित के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। शुक्ला ने क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और जनता की आवश्यकताओं को लेकर मुख्यमंत्री से सहयोग की अपेक्षा की। पूर्व विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी ने आश्वासन दिया कि वे बांग्लादेश में फंसे हिन्दुओं के मामले को गंभीरता से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और इस दिशा में शीघ्र ही ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# मेडिकल स्टोर और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



बीते दिन नगर मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई के नेतृत्व में ड्रग विभाग द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में मेडिकल स्टोर और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया था। जिसको लेकर आज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल सिंह अधिकारी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी नगर मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई से मिले जिसमें मेडिकल स्टोर स्वामियों का कहना था की बार-बार झूठी शिकायतों पर मेडिकल स्टोर में छापेमारी कर मेडिकल स्टोर वालों की छवि धूमिल होती है और शहर में जिनका मेडिकल कारोबार से कोई मतलब नहीं है वह लोग यूपी राज्य की सीमाओं से अवैध दवाइयां का काम कर मेडिकल स्टोर वालों की छवि धूमल कर रहे हैं केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना था प्रशासन को ऐसे लोगों को चिनिहीकरण कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, वहीं नगर मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने संगठन के पदाधिकारी को बताया की हल्द्वानी शहर के सभी केमिस्ट व्यापारियों की एक वर्कशॉप मीटिंग का बहुत जल्द आयोजन किया जाएगा इसमें शहर के सभी दवा व्यापारियों को एकाग्रित कर उनकी समस्याओं को सुन कर उनको नियमों की भी जानकारी दी जाएगी मिलने वालों में जिला अध्यक्ष प्रेम मदान, महामंत्री संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, उमेश जोशी, संजय जैन, नरेंद्र साहनी, ओवैस, चिमू मोहम्मद शुजा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

**तैयारी** स्वास्थ्य विभाग व नगर निकाय कर्मियों को डेंगू के प्रति जागरुक

# डेंगू के डंक से बचाव को चिन्हित किए गए हॉटस्पॉट

उत्तरांचल दीप

सलीम खान, हल्द्वानी



बरसात का मौसम शुरू होते ही डेंगू का खतरा भी बढ़ने लगा है। हालांकि जिलेभर में अभी तक किसी में भी डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन निकट भविष्य में डेंगू का खतरा कितना बढ़ेगा यह आने वाला समय बताएगा। वहीं डेंगू के डंक से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निकायों ने भी पूरी तैयारी की हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने उन इलाकों को चिन्हित कर लिया जहां पर डेंगू का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। महकमे ने जिले के तीन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में चार स्थान चिन्हित किए हैं जो डेंगू के हॉटस्पॉट के लिए जाने जाते हैं। इन हॉट स्पाट्स में हल्द्वानी, रामनगर, कालाढूंगी, लालकुआं के शहरी क्षेत्र को शामिल किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बैलपड़ाव, कोटाबाग और बिंदुखत्ता क्षेत्रों में पर कई दिनों से स्वास्थ्य विभाग व नगर निकाय कर्मियों को डेंगू के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसमें 20 वॉलंटियर व 582 आशाओं को लगाया गया है।

### एक साल में करीब चार गुना हुए डेंगू मरीज

नैनीताल जिले में एक साल में डेंगू के मरीज लगभग चार गुना तक बढ़ गए। वर्ष 2022 मे जहां 236 लोगों को डेंगू के मच्छर ने डंक मारा था, वहीं बीते साल 2023 में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 836 हो गई।

### हल्द्वानी में यह स्थान हैं हॉट स्पॉट

हल्द्वानी में पिछले साल आए डेंगू के मरीजों के आधार पर राजपुरा, गौजाजाली, हाइडिल गेट और गौलापार के बागजाला को सबसे ज्यादा संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। नगर निगम भी इन क्षेत्रों में भी डेंगू के खतरे को देखते हुए अभियान चला रहा है। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, अभी तक निगम के 60 में से 54 वार्डों में लार्वा सीडर का छिड़काव किया जा चुका है।